कार्यालय प्राचार्य,

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डी लोहारा,जिला – बालोद (छ.ग.)

Email ID – govtcollegelohara@gmail.com Tell.No- 07748-299010

पत्र क्रमांक 134 / परीक्षा / 2022 डौण्डी लोहारा, दिनांक 14 / 05 / 2022

/ / आवश्यक सूचना / /

महाविद्यालय में अध्ययनरत् नियमित स्नातकोत्तर स्तर एम.ए. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर कक्षाओं (हिन्दी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल) के समस्त परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर परीक्षा (मई–जून) 2022 ऑनलाईन / ब्लैण्डेड मोड में निम्नानुसार तिथियों अनुसार प्रारम्भ होगी। जिसमें परीक्षा हेतु उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय से परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र जारी होने के पश्चात् ही उत्तरपुस्तिका वितरण किया जायेगा। परीक्षार्थी अनिवार्यतः उत्तरपुस्तिका समय–सीमा में प्राप्त कर लेवें।

क्र.	कक्षा	प्रश्नपत्र वेबसाईट पर अपलोड होने का दिनांक
1	एम.ए.- IV सेमेस्टर	07.06.2022 से 11.06.2022
2	एम.ए.- II सेमेस्टर	11.06.2022 से 18.06..2022

- संबंधित परीक्षा केन्द्र से उत्तरपुस्तिका प्राप्त करते समय परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं। प्रवेश पत्र के अभाव में उत्तरपुस्तिका प्रदान नहीं की जायेगी।
- परीक्षा केन्द्र परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश पत्र के प्रश्नपत्रों के आधार पर समस्त उत्तरपुस्तिकाएं एक साथ प्रदान किये जायेंगे। इस हेतु परीक्षार्थी स्वयं प्रवेश पत्र के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होवें।
- सभी कक्षाओं के समस्त प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट WWW.durguniversity.ac.in पर तिथिवार प्रातः 08.00 बजे अपलोड किए जायेंगे।
- परीक्षार्थियों को तिथिवार प्रातः 08 बजे प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा।
- परीक्षार्थी परीक्षा फार्म भरते समय चयनित विषय / प्रश्नपत्र का मिलान कर समय–सारणी अनुसार दिये गये कोड के अनुसार ही प्रश्नपत्र का चयन कर उसे हल करेगे।
- परीक्षार्थी द्वारा मुख्य उत्तरपुस्तिका पूर्ण होने के उपरांत आवश्यकता अनुसार ए 4 साईज पेपर का उपयोग पूरक उत्तरपुस्तिका के रूप में कर सकते हैं।
- विश्वविद्यालयीन वेबसाईट से डाउनलोड किए गये प्रश्नपत्र को परीक्षार्थियों उसी दिन (जिस दिन प्रश्नपत्र अपलोड होगा) हल करके दोपहर 12 से 03 बजे के मध्य परीक्षा केन्द्र महाविद्यालय में जमा करना अनिवार्य हैं। उत्तरपुस्तिका जमा नहीं करने पर अनुपस्थित माना जायेगा। जिस तिथि में प्रश्नपत्र अपलोड किए जायेंगे, परीक्षार्थियों को उस प्रश्नपत्र की

14/05/22

उत्तरपुस्तिका उसी दिन परीक्षा केन्द्र में जमा करनी होगी। अतः निर्धारित तिथि/समय उपरांत उत्तरपुस्तिका जमा नहीं करने पर अन्य तिथियों में उत्तरपुस्तिका स्वीकार नहीं की जायेगी।

- परीक्षार्थियों को प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए अलग–अलग उत्तरपुस्तिका बनाना अनिवार्य हैं।
- प्रत्येक दिन उत्तरपुस्तिका जमा करते समय परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र साथ में लाना अनिवार्य हैं। उसी प्रवेश पत्र में परीक्षा केन्द्र उत्तरपुस्तिका जमा करने की पावती अनिवार्य रूप से प्रदान करेंगे।
- उत्तरपुस्तिका स्वहस्तलिखित होने चाहिए। एक उत्तरपुस्तिका में यदि एक से अधिक व्यक्तियों की लिखावट प्राप्त होती हैं। तो उसे नकल प्रकरण मानकर उसका मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जावेगा। और न ही टाईप या फोटोकापी किये हुए उत्तरपुस्तिका स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
- स्पीड/कोरियर/ई–मेल से प्रेषित किये गये उत्तरपुस्तिका परीक्षा केन्द्र द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
- ऐसे समस्त परीक्षार्थी जो सेमेस्टर परीक्षा 2022 हेतु ऑनलाईन आवेदन फार्म भरा है, वे परीक्षार्थी ऑनलाईन/बलैण्डेड मोड पर आधारित परीक्षा में सम्मिलित होगा।
- परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र एवं प्रश्न पत्र डाउनलोड संबंधित समाधान हेतु विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. 9713387094/7225940167 से अथवा onlinehelp@durguniversity.in पर ई–मेल कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

14/05/22

(राजू लाल कोसरे)
प्रभारी प्राचार्य

प्राचार्य
शासकीय एकलव्य महाविद्यालय
डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद (छ.ग.)